आकाशवाणी केन्द्र शिमला
22.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 23 दिसम्बर को वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नवनियुक्त भर्तियों के लिए 71 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर लोगों को भी संबोधित करेंगे। यह रोजगार मेला देशभर में 45 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता पूरा करने की दिशा में एक कदम है।

भाजपा

भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में 25 व 26 दिसम्बर को भाजपा कई कार्यक्रम आयोजित करेगी। पार्टी महासचिव त्रिलोक कपूर ने धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देश पर बूथ स्तर तक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस और 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। इसे लेकर पार्टी द्वारा रूप रेखा तैयार कर ली है। अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर नई दिल्ली में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री समेत अन्य गणमान्य लोग उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

चंबा–किसान

प्रदेश में पिछले लंबे समय से वर्षा न होने के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। वर्षा न होने के चलते किसान अभी तक फसलों की बिजाई नहीं कर पाएं है। चंबा जिले के किसानों के अनुसार सूखे के चलते वे गेहूं की बिजाई नहीं कर सके है। उनका कहना है कि आने वाले दिनों में भी वर्षा न होने के कारण पेयजल संकट जैसी स्थिति सामने आ सकती है।

चुनाव

हिमाचल प्रदेश ज्येष्ठ व वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद की स्थायी कार्यकारिणी के चुनाव आज बिलासपुर में हुए। इन चुनावों में मंडी के आर.एस. राणा मुख्य संरक्षक जबकि अशोक अवस्थी प्रदेश अध्यक्ष चुने गए। इस दौरान परिषद ने निर्णय लिया कि वरिष्ठ नागरिको के कल्याण व उत्थान से जुड़े मुद्दों को लेकर समय–समय पर सरकार के साथ चर्चा की जाएगी।

कुल्लू महोत्सव

कुल्लू के मालरोड पर विंटर कार्निवाल की तर्ज पर 25 से 31 दिसम्बर तक कुल्लू महोत्सव का आयोजन किया जा जाएगा। नगर परिषद कुल्लू के कार्यकारी अधिकारी अनुभव शर्मा ने बताया कि इसमें हिमाचली कलाकारों सहित स्कूली छात्र–छात्राएं अपनी प्रस्तुतियां देंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसे आयोजनों से जिले में पर्यटकों की आवाजाही बढेगी और यहां के लोगों के कारोबार में भी वृद्धि होगी। प्रशासन ने कुल्लू महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से वंचित वर्गों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि इन वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए मंत्रिमंडल ने 'महर्षि वाल्मीकि कामगार आवास योजना' शुरू करने को मंजूरी दी है। योजना का उद्देश्य वाल्मीकि समुदाय के सफाई कर्मचारियों को तीन लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत अढ़ाई लाख रुपये से कम वार्षिक आय और आवासीय सुविधा से वंचित लोग पात्र होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने 'मुख्यमंत्री विधवा व एकल नारी आवास योजना' के तहत वित्तीय सहायता में भी वृद्धि की है। इसके तहत विधवा और एकल महिलाओं को मकान बनाने के लिए सहायता राशि डेढ़ लाख से बढ़ाकर 3 लाख रुपये कर दी गई है। योजना के अंतर्गत बनाए गए घरों में पानी और बिजली कनेक्शन प्रदान करने को प्राथमिकता दी जाएगी।

आयुष मंत्री

आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा ने आज पालमपुर में एक आयुर्वेदिक मल्टी स्पैशिलिटी अस्पताल का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी लोगों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों के सुदृढ़ीकरण सहित इनमें पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों व पैरामैडिकल स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित बनाई जा रही है। आयुष मंत्री ने बताया कि पिछले 6 महीने में आयुष विभाग में चिकित्सकों के एक सौ 50 पद भरे गए हैं।

राजीव भारद्वाज

भाजपा ने प्रदेश की बदहाल आर्थिक स्थिति के लिए कांग्रेस पार्टी को पूरी तरह जिम्मेदार बताया है। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व सांसद राजीव भारद्वाज कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थान चिकित्सकों की कमी से जूझ रहे हैं और आई.जी.एम.सी शिमला समेत जिला अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी चल रही है। विधानसभा में प्रस्तुत कैग रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि चंबा और सिरमौर जिलों में सबसे अधिक 42 प्रतिशत चिकित्सकों की कमी है। राजीव भारद्वाज ने कहा कि मुख्यमंत्री व उनके नेताओं की मंशा साफ है कि वे हिमाचल प्रदेश नहीं बल्कि अपने हितों के बारे में ही सोच रहे हैं।

——————————————